Today on 29th Feb. 2020, a programme of EBSB club was organised in the conference hall at 11:00AM. The chief guest of the event was Dr. Yamini Utreja (vice Principal, GC Bilaspur). She has inaugrated the notice board of EBSB and write a quote "God's own country – Kerala" on it.

The programme was started with the welcome address of guests by Dr. Ajeet (Asstt. Prof., Deptt of Sanskrit) in Malyalam language. After Lamp lighting and saraswati vandna, a short movie on kerala was shown to the students and it's beautiful discription was given by Dr. Ajeet.

ESBS student Club coordinator, Ms. Shalini Sharma has presented a PPT on "Padamnabh Swami Temple" situated at kerala.

Prof. Arun Kumar (Asstt. Prof., Deptt. of Tourism) has given a well elavorated presentation on food, culture, tourism, brief History and language of kerala.

NCC officer, Prof. Jai Chand has recited a poem on "Ekta Mein Anekta, Yahi hai Bharat ki Visheshta". NCC cadet, Shilpa Rana has shared her views on "Mile Seemayen Desh ki, Bane Ek Pariwar ---"

Then, Prizes/certificates were distributed to those students who had participated in the quiz competition held on 23rd Dec. 2019 on mygov portal.

About 200 students were present in the programme.

Prof. Sanjeev, Prof. Kuldeep Baswal, Prof. Ritu, Prof. Naresh, Prof. Sonia, Dr. Priyanka, Prof. Suneel, Prof. Hitesh and Prof. Ankit Chandle were graced the programme by their presence.

At the end, EBSB Coordinator, Dr. Atul Gupta has delivered a vote of thanks and the function was ended with the National Anthem.

21/02/2020
Dr. Poonam K. Dhiman
EBSB Club Coordinator

29/02/2020
Dr. Atul Gupta
EBSB Coordinator
GC Bilaspur (H.P.)

Prof. Ram Krishan
Principal, GC Bilaspur (H.P.)

# पीजी कॉलेज बिलासपुर में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आयोजित

**बिलासपुर,(आपका फैसला)।** महाविद्यालय बिलासपुर में शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय उपप्राचार्य डा. यामिनी उतरेजा रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि ने महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत की सूचना पटल का शिलान्यास केरल से संबधित कला एवं सांस्कृतिक सूचक वाक्य लिख कर की। जानकारी देते हुए कार्यक्रम समन्वयक डा. अतुल गुप्ता ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत में हमारे प्रदेश को केरल प्रदेश के साथ जोड़ा गया है। कार्यक्रम का मुख्य उदेष्य विभिन्न गतिविधियों द्वारा दोनों रा%्यों को एक दूसरे की संस्कृति के बारे में जानना है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा. अजीत ने वहां सभागार में उपस्थिते अतिथियों व छात्रों का स्वागत मलयालम भाषा में किया। इसके उपरांत एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की छात्र समन्वयक शालिनी शर्मा ने केरल में स्थित दुनिया के सबसे अमीर हिंदु मंदिर पंदमनाभस्वामी के बारे में पीपीटी के माध्यम से संपूर्ण जानकारी दी। केरल की संस्कृति के बारे में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए लघु चलचित्र दिखाया गया। महाविद्यायल के पर्यटन विभाग के प्रो. अरूण कुमार ने



केरल खान पान, रहन सहन, पर्यटन, भाषा, वेषभूषा पर अपना वक्तव्य दिया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी ले. जय चंद ने अपनी स्वंयरचित कविता 'एकता में अनेकता यही है भारत की विशेषता' द्वारा कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि प्रो. यामिनी उतरेजा ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित यह एक विशेष कार्यक्रम है जो संपूर्ण भारत को एक साथ संस्कृतिक तौर पर संयोजित कर श्रेष्ठ भारत बनाने का एक प्रयास है। इसी कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने आनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र वितरित किए। इस उपलक्ष्य पर क्लब समन्वयक डा. पूनम, क्लब सदस्य प्रो. सुनील, प्रो. अंकित चांदले, प्रो. संजीव एंव महाविद्यालय के प्रो. हितेष, प्रो. नरेश कुमार, प्रो. रितू, प्रो. सोनिया व प्रो. प्रियंका विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अमर उजाला | बिलासपुर | amarujala.com | धर्मशाला | रविवार,

# शिल्पा ने सुनाई 'मिलें सीमाएं देश की, बने एक परिवार' कविता

## बिलासपुर कॉलेज में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन, लघु चलचित्र से केरल की संस्कृति से विद्यार्थियों को करवाया रुबरु

अमर उजाला ब्यूरो



बिलासपुर कॉलेज में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र और अध्यापक। संवाद

**बिलासपुर।** महाविद्यालय बिलासुपर में शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ. यामिनी उतरेजा मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि ने महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत की सूचना पटल का शिलान्यास केरल से संबंधित कला एवं सांस्कृतिक सूचक वाक्य लिख कर किया।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत में हमारे प्रदेश को केरल प्रदेश के साथ जोड़ा गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों द्वारा दोनों राज्यों को एक दूसरे की संस्कृति के बारे में जानना है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अजीत ने सभागार में उपस्थित अतिथियों व छात्रों का स्वागत मलयालम भाषा में किया। इसके उपरांत एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की छात्र समन्वयक शालिनी शर्मा ने केरल में स्थित दुनिया के सबसे अमीर हिंदू मंदिर पद्मनाभस्वामी के बारे में पीपीटी के माध्यम से संपूर्ण जानकारी दी। केरल की संस्कृति के बारे में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए लघु चलचित्र दिखाया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी जय चंद ने स्वयंरचित कविता 'एकता में अनेकता यही है भारत की विशेषता' प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र बांटे। कार्यक्रम में एनसीसी के 35 कैडेट्स सहित महाविद्यालय के 200 छात्रों ने भाग लिया। एनसीसी कैडेट शिल्पा राणा ने 'मिलें सीमाएं देश की बने एक परिवार' कविता प्रस्तुत की। इस मौके क्लब समन्वयक डॉ. पूनम, क्लब सदस्य प्रो. सुनील, प्रो. अंकित चांदले, प्रो. संजीव, एवं महाविद्यालय के प्रो. हितेष, प्रो. नरेश कुमार, प्रो. रितु, प्रो. सोनिया व प्रो. प्रियंका विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने जानी केरल की संस्कृति



बिलासपुर कॉलेज में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत सूचना पट्ट का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर (बाएं से) पूनम, शालिनी, मुख्यातिथि यामिनी उत्रेजा, प्रो. अतुल गुप्ता तथा लेफ्टिनेंट जयचंद महलवाल ● जागरण

संवाद सहयोगी, बिलासपुर : महाविद्यालय बिलासपुर में शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ. यामिनी उत्रेजा भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से संचालित कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत में हमारे प्रदेश को केरल के साथ जोड़ा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों से दोनों राज्यों को एक दूसरे की संस्कृति के बारे में जानना है। डॉ. अजीत ने विद्यार्थियों का स्वागत मलयालम भाषा में किया।

एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की छात्र समन्वयक शालिनी शर्मा ने केरल में स्थित दुनिया के सबसे अमीर हिंदू मंदिर पद्मनाभ स्वामी के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के पर्यटन विभाग के प्रो. अरुण कुमार ने केरल के खान-पान, रहन सहन, पर्यटन, भाषा पर वक्तव्य दिया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट जय चंद ने अपनी कविता एकता में अनेकता यही है भारत की विशेषता का पाठ किया।

डॉ. यामिनी उत्रेजा ने कहा कि यह एक विशेष कार्यक्रम है, जो संपूर्ण भारत को एक साथ सांस्कृतिक तौर पर संयोजित कर श्रेष्ठ भारत बनाने का एक प्रयास है। कार्यक्रम में एनसीसी के 35 कैडेट्स सहि[...] 200 विद्यार्थियों ने भाग लिय[...] एनसीसी कैडेट शिल्पा राणा ने [...] कविता सुनाई। कार्यक्रम में डॉ. पून[...] प्रो. सुनील, प्रो. अंकित चांदले, प्[...] संजीव, प्रो. हितेश, प्रो. नरेश कुमा[...] प्रो. रितु, प्रो. सोनिया व प्रो. प्रियं[...] मौजूद रहीं।

Media Coverage

7

# विद्यार्थियों को बताई एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम की विशेषता

## बिलासपुर महाविद्यालय में किया गया कार्यक्रम का आयोजन



*बिलासपुर : बिलासपुर कालेज में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी एवं शिक्षक।* (ब्यूरो)

बिलासपुर, 29 फरवरी (ब्यूरो): महाविद्यालय बिलासपुर में शनिवार को एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय की उपप्राचार्या डा. यामिनी उतरेजा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि ने महाविद्यालय में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सूचना पटल का शिलान्यास केरल से संबंधित कला एवं सांस्कृतिक सूचक वाक्य लिख कर किया। कार्यक्रम समन्वयक डा. अतुल गुप्ता ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित कार्यक्रम एक भारत, श्रेष्ठ भारत में हमारे प्रदेश को केरल प्रदेश के साथ जोड़ा गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों द्वारा दोनों राज्यों को एक-दूसरे की संस्कृति के बारे में जानना है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा. अजीत ने सभागार में उपस्थित अतिथियों व विद्यार्थियों का स्वागत मलयालम भाषा में किया। इसके उपरांत एक भारत, श्रेष्ठ भारत क्लब की छात्र समन्वयक शालिनी शर्मा ने केरल में स्थित दुनिया के सबसे अमीर हिंदू मंदिर पद्मनाभस्वामी के बारे में पी.पी.टी. के माध्यम से संपूर्ण जानकारी दी। केरल की संस्कृति के बारे में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए लघु चलचित्र दिखाया गया। महाविद्यालय के पर्यटन विभाग के प्रो. अरुण कुमार ने केरल खान-पान, रहन-सहन, पर्यटन, भाषा व वेशभूषा पर अपना वक्तव्य दिया। इस अवसर पर एन.सी.सी. अधिकारी लैफ्टिनैंट जय चंद ने अपनी स्वयंरचित कविता 'एकता में अनेकता यही है भारत की विशेषता' द्वारा कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि प्रो. यामिनी उतरेजा ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित यह एक विशेष कार्यक्रम है, जो संपूर्ण भारत को एक साथ सांस्कृतिक तौर पर संयोजित कर श्रेष्ठ भारत बनाने का एक प्रयास है।

Media Coverage.